भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

<u>अतारांकित प्रश्न संख्या: 1798</u>

<u>बुधवार, 27 जुलाई, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>
राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम

1798. श्री दुर्गा दास उइके:
श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार के राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास (एनआईसीडी) कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय गलियारे के निर्माण के लिए कोई नई योजना विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या मध्य प्रदेश के बैतूल, खरगौन और बडवानी जैसे आदिवासी क्षेत्रों में एनआईसीडी कार्यक्रम के तहत किसी नई योजना को मंजूरी दी गई है, जो कपास के निर्यात को बढ़ावा दे सकती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसे कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है;
(घ) क्या छोटे शहरों में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए किसी नई कॉरिडोर योजना को मंजूरी दी गई है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सोम प्रकाश)

(क) से (ङ): भारत सरकार ने 32 परियोजनाओं/नोड्स/विनिर्माण क्लस्टरों वाले 11 औद्योगिक कॉरिडोरों के विकास को अनुमोदन प्रदान किया है। औद्योगिक कॉरिडोर कार्यक्रम हेतु विकास की रूपरेखा भारत सरकार और संबंधित राज्य सरकार के बीच साझेदारी पर आधारित है। मध्य प्रदेश राज्य सहित सभी औद्योगिक कॉरिडोरों और परियोजनाओं/नोड्स/विनिर्माण क्लस्टरों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

<u>अनुबंध</u>

दिनांक 27.07.2022 के तहत उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1798 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र.सं.	राज्य	कॉरिडोर	औद्योगिक नोड्स/औद्योगिक विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी)	परियोजनाएं
1.	आंध्र प्रदेश	1. सीबीआईसी: चेन्नई बेंगलुरु औद्योगिक कॉरिडोर	कृष्णापट्टनम	

		2. एचबीआईसी: हैदराबाद बेंगलुरू औद्योगिक कॉरिडोर	ओर्वाकल	
		3. वीसीआईसी: विजाग चेन्नई औद्योगिक कॉरिडोर	1. कोपर्थी 2. विशाखापत्तनम 3. चित्तूर	
2.	बिहार	एकेआईसी: अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर	गया	
3.	गुजरात	डीएमआईसी: दिल्ली मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर	धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (डीएसआईआर)	धोलेरा इंटरनेशनल एयर पोर्ट
4.	हरियाणा	1. डीएमआईसी: दिल्ली मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर		नांगल चौधरी-एकीकृत मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब (आईएमएलएच)
		2. एकेआईसी: अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर	हिसार	
5.	झारखंड	एकेआईसी: अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर	झारखंड में भूमि पार्सल	
6.	कर्नाटक	1. सीबीआईसी: चेन्नई बेंगलुरू औद्योगिक कॉरिडोर	तुमकुरु	
		2. बीएमआईसी: बेंगलुरू मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर	धारवाड़	
7.	केरल	कोयंबटूर के रास्ते कोच्चि तक सीबीआईसी का विस्तार	पलक्कड़	
8.	मध्य प्रदेश	डीएमआईसी: दिल्ली मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर	एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप - विक्रम उद्योगपुरी (आईआईटी-वीयूएल)	
9.	महाराष्ट्र	1. डीएमआईसी: दिल्ली मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर	1. शेंद्रा बिदकिन औद्योगिक क्षेत्र (एसबीआईए) 2. दिघी पोर्ट औद्योगिक क्षेत्र	
		2. बीएमआईसी: बेंगलुरू मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर	सतारा	
10.	ओडिशा	ओईसी: ओडिशा आर्थिक कॉरिडोर	पारादीप - केंद्रपाड़ा - धामरा – सुबर्णरिखा (पीकेडीएस) गोपालपुर - भुवनेश्वर – कलिंगनगर (जीबीके)	
11.	पंजाब	एकेआईसी: अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर	राजपुरा पटियाला	
12.	राजस्थान	डीएमआईसी: दिल्ली मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर	1. जोधपुर पाली मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र 2. खुशखेड़ा भिवाड़ी नीमराना औद्योगिक क्षेत्र	
13.	तमिलनाडु	1. सीबीआईसी: चेन्नई बेंगलुरु औद्योगिक कॉरिडोर	पोन्नेरी औद्योगिक क्षेत्र	
14.	तेलंगाना	1. एचएनआईसी: हैदराबाद नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर	जहीराबाद	
		2. एचडब्ल्यूआईसी: हैदराबाद वारंगल औद्योगिक कॉरिडोर	हैदराबाद फार्मा सिटी	

15.	उत्तर प्रदेश	1. डीएमआईसी: दिल्ली मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर	एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप – ग्रेटर नोएडा (आईआईटी-जीएन)	ग्रेटर नोएडा - मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब (एमएमएलएच) और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच)
		2. एकेआईसी: अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर	आगरा	
16.	उत्तराखंड	एकेआईसी: अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर	खुरपिया	
17.	हिमाचल प्रदेश	एकेआईसी: अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर	बद्दी बरोतीवाला नालागढ़ (बीबीएच)	
18.	पश्चिम बंगाल	एकेआईसी: अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर	रघुनाथपुर	

*****